विजयवाड़ा के पत्रकार दल का शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर भ्रमण (दिनांक 05.02.2016)

पत्र सूचना कार्यालय, विजयवाड़ा के सात सदस्यीय पत्रकारों के एक दल ने पत्र सूचना कार्यालय, जोधपुर के मीडिया एवं संचार अधिकारी श्री राजेश मीणा, आई.आई.एस. के साथ दिनांक 5 फरवरी, 2016 को शुष्क वन अनुसंधान संस्थान,जोधपुर का भ्रमण किया । संस्थान के निदेशक श्री एन.के.वासु, भा.व.से. ने पत्रकार दल का संस्थान में स्वागत किया । वन संवर्धन प्रभाग के प्रभागाध्यक्ष डॉ. डी. के. मिश्रा ने संस्थान एवं संस्थान की शोध गतिविधियों का विस्तृत ब्योरा पावर पॉइन्ट प्रस्तुतीकरण से प्रस्तुत किया । तत्पश्चात् संस्थान के निदेशक श्री एन.के.वासु ने बताया कि पश्चिमी राजस्थान में वृक्षारोपण द्वारा टिब्बा स्थिरीकरण का काफी कार्य हुआ है, जिससे मरूस्थलीय परिस्थितियों में सुधार हुआ है। आपने बताया कि इस क्षेत्र में जल संरक्षण हेतु सूक्ष्म जल संग्रहण क्षेत्र भी निर्मित किये जाते हैं। श्री वासु ने कहा कि औषधीय पौधों पर संस्थान में कार्य हो रहा है तथा नीम प्रजाति में उत्तम तेल की मात्रा (Best Oil Content) किस तरह के पौधों में पायी जाती है एवं अजाडिरेक्टिन की मात्रा किसमें उत्तम है ,इस पर भी कार्य हो रहा है। डॉ. मिश्रा ने रतनजोत (*Jatropha curcas*) के बारे में जानकारी दी ।

इस विचार-विमर्श के बाद कृषि वानिकी एवं विस्तार प्रभाग के प्रभागाध्यक्ष श्री उमाराम चौधरी, भा.व.से. ने इस दल को संस्थान की विभिन्न प्रयोगशालाओं का अवलोकन करवाया जहां दल को शोधकर्ताओं ने ऊतक संवर्धन, आणविक जीव विज्ञान (Molecular Biology), अपशिष्ट जल प्रबन्धन (Waste Water Management), वृक्षों की

बीमारियों, बीजों से संबंधित कार्य, इत्यादि विषयों से संबंधित अनुसंधान कार्यो की जानकारी दी ।

पत्रकारों के दल ने संस्थान के विस्तार एवं निर्वचन केन्द्र का भ्रमण कर वहॉ प्रदर्शित विभिन्न शोध गतिविधियों, उपलब्धियों एवं तकनीकों से संबंधित सूचना एवं सामग्री का अवलोकन किया । श्री

चौधरी ने भ्रमण दल को इस केन्द्र पर प्रदर्शित विभिन्न विषयों से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई ।